फोन नं0—05442—245381

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
**Email Id- jalnigam3@gmail.com** **Mo. No.- 9473942677**

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 3772 / एम—6 / 38 दिनांक 21.04.2026

विषयः— दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 20.04.2026 को "लालगंज तिराहे पर फिर धंसा ट्रकः जल जीवन मिशन कार्य पर उठे सवाल, घंटो बाधित रहा आवागमन शीर्षक" से प्रसारित समाचार की आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि दैनिक भाष्कर ई—समाचार पत्र में दिनांक 20.04.2026 को " लालगंज तिराहे पर फिर धंसा ट्रकः जल जीवन मिशन कार्य पर उठे सवाल, घंटो बाधित रहा आवागमन शीर्षक" शिकायत प्राप्त हुई। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड लालगंज में मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा निर्मित महादेव ग्राम समूह पेयजल योजना द्वारा जलापूर्ति की जा रही है। विषयक स्थल पर जी0एस0बी0 एवं स्टोन डस्ट मैटेरियल का भराव करते हुये कॉम्पैक्शन एवं समतलीकरण कर दिया गया है। यातायात पुलिस, लालगंज से समन्वय स्थापित कर ट्रैफिक डायवर्जन की अनुमति प्राप्त करते हुये दिनांक 25.04.2026 तक मानक अनुरूप सी0सी0 द्वारा सड़क मरम्मतीकरण करा दिया जायेगा।





भवदीय

(राजेश कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता

होम वीडियो सर्च वेब स्टोरीज

टॉप न्यूज़
राज्य-शहर
IPL 2026
चुनाव 2026
भास्कर खास
DB ओरिजि
स्पोर्ट्स
बॉलीवु
जॉब
बिजने



दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us

# लालगंज तिराहे पर फिर धंसा ट्रक: जल जीवन मिशन कार्य पर उठे सवाल, घंटों बाधित रहा आवागमन

राकेश कुमार तिवारी | लालगंज (मिर्जापुर)
1 दिन पहले



वीडियो और देखें

मिर्जापुर के लालगंज बाजार स्थित दुबार मोड़ तिराहे पर सोमवार को एक बालू लदा डंफर ट्रक सड़क धंसने से फंस गया। यह घटना उसी स्थान पर दूसरी बार हुई है, जिससे जल जीवन मिशन के तहत कराए गए पाइपलाइन कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस घटना के कारण मुख्य बाजार का आवागमन घंटों बाधित रहा।

सुबह के समय तिराहे पर भारी जाम लग गया, जिससे करीब 12 बजे तक मार्ग प्रभावित रहा। छोटे-बड़े सभी वाहनों को लगभग पांच किलोमीटर का चक्कर लगाकर हाईवे के रास्ते आवागमन करना पड़ा। इससे लोगों को अतिरिक्त समय और ईंधन खर्च करना पड़ा।

जाम का असर व्यापार पर भी पड़ा, खासकर लालगंज मंडी से सब्जी कारोबारियों को लंबा रास्ता अपनाने से आपूर्ति प्रभावित हुई और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इसी मार्ग से जुड़े

Download App from

GET IT ON Google Play

Download on the App Store

Follow us on

## बैरिकेडिंग लगाकर बड़े वाहनों को रोक दिया

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क को ठीक से दुरुस्त नहीं किया गया। उनका कहना है कि जगह-जगह गड्ढे बने रहने के कारण भारी वाहनों के गुजरते ही सड़क धंस जा रही है। इस घटना के दौरान पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई।

बताया गया है कि चार दिन पहले ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों को गड्ढों की मरम्मत और सोलिंग कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन इन निर्देशों पर अमल नहीं हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बापू उपरौध इंटर कॉलेज के पास बैरिकेडिंग लगाकर बड़े वाहनों को रोक दिया, जिससे यातायात को नियंत्रित किया जा सके।

करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद फंसे हुए ट्रक को बाहर निकाला जा सका, जिसके बाद आवागमन सामान्य हुआ। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने संबंधित विभाग को तत्काल सड़क दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं और कहा है कि लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →** +Follow us

Advertise with Us | DB Reporter | Sitemap | Terms & Conditions and Grievance Redressal Policy | Contact Us | RSS | Cookie Policy | Privacy Polic

Our Divisions

DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.